SHO प्रदीप शर्मा ने की श्याम भक्तों की सेवा

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

चौमूं, 7 मार्च (का.सं.)। जनता की सुरक्षा और सेवा में तत्पर चौमूं SHO प्रदीप शर्मा का एक मानवीय चेहरा सामने आया है। हाल ही में आयोजित खाटू श्याम बाबा के लक्खी मेले कार्यक्रम के दौरान पुलिसकर्मियों ने न केवल कानून व्यवस्था संभाली, बल्कि जरूरतमंद लोगों की सेवा भी की।

इस तस्वीर में देखा जा सकता है कि एक थानाप्रभारी, पारंपरिक पगड़ी पहने हुए, आम नागरिकों की सेवा कर रहा है। वह एक व्यक्ति के पैर की मालिश करते नजर आ रहे हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि पुलिस केवल कानून लागू करने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज सेवा में भी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं ।

चाहे दिन हो या रात, चाहे धूप हो या बरसात, जनता की सेवा के लिए हम पुलिस है आपके साथ, इस संदेश के साथ यह तस्वीर पुलिस के मानवीय पहलू को दर्शाती है। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि पुलिस और जनता के बीच इस तरह की सहभागिता से समाज में विश्वास और सौहार्द बढ़ता है। यह खबर दिखाती है कि हमारी पुलिस सिर्फ कानून व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की भलाई के लिए हर संभव प्रयास करती है।

आगामी 6 माह में भरतपुर फीडर के विस्तार की डीपीआर तैयार किया जाना प्रस्तावित

जयपुर, 7 मार्च। जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि भरतपुर फीडर का विस्तार करते हुए जघीना एवं जाटोली रतभान माइनरों को इसमें जोड़े जाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा डीपीआर की स्वीकृति जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि आगामी 6 माह में डीपीआर तैयार किया जाना प्रस्तावित है।

जल संसाधन मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि भरतपुर फीडर का विस्तार के बाद जघीना माइनर से 4,978 हेक्टेयर एवं जाटोली रतभान माइनर से 4,606 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इसके अंतर्गत तहसील भरतपुर एवं रारह के विभिन्न ग्राम लाभान्वित हो सकेंगे। इससे पहले विधायक डॉ. शैलेश सिंह के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में जल संसाधन मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा जिला प्रशासन को वर्ष 2024 मानसून के दौरान जल भराव की समस्या के निदान हेतु निर्देश दिये गये। इसकी पालना में जल भराव से प्रभावित क्षेत्र एवं भरतपुर फीडर के कमाण्ड को सम्मिलित करते हुए डीपीआर तैयार किये जाने हेतु प्रशासनिक स्वीकृति जारी की जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि इस डीपीआर में भरतपुर फीडर के कार्य अंतर्गत जघीना एवं जाटोली रतभान माइनरों को जोड़ा जाना भी सम्मिलित है। डीपीआर तैयार किये जाने हेतु प्राप्त प्रस्तावों को स्ह्क्क के बिन्दु संख्या 6 अन्तर्गत समिति द्वारा 6 मार्च, 2025 को स्वीकृत कर दिया गया है।

पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के प्रयासों से मिली है 72.70 करोड़ रुपए की स्वीकृति

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

चौमूं, 7 मार्च (का.सं.)। रेनवाल सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग 52 को जोड़ने वाले टाँकरडा से हाड़ौता बाइपास निर्माण के लिए 72.70 करोड़ रुपयो की स्वीकृति पर आज सुभाष सर्किल स्थित कार्यालय पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का ग्रामवासियों ने माला और साफा पहनाकर स्वागत किया।

उक्त बाइपास निर्माण के लिए पूर्व विधायक रामलाल शर्मा द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे, जिनके प्रयास अब रंग लाए है। ग़ौरतलब हैं कि चौमूँ-दूदू मेघा हाइवे पर टाँकरडा से हाड़ौता बाइपास पुलिया निर्माण के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा मार्जिन मनी हेतु 14.54 करोड़ की स्वीकृति जारी की गई हैं।

उक्त बाइपास के निर्माण के लिए तत्कालीन स्वीकृति के समय में 52.35 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृति थी। उक्त बाइपास के मध्य से जयपुर-सीकर रेलवे लाइन भी गुजरती है और बाइपास स्वीकृति के समय यह रेलवे लाइन मीटर गेज थी जो वर्तमान में रेलवे लाइन ब्रॉड गेज में परिवर्तित हो चुकी है, जिससे टाँकरडा से हाड़ौता बाइपास के नये प्रस्ताव में अतिरिक्त राशि 14.54 करोड़ का भार बढ़कर 72.70 करोड़ रुपये हो जाने से निर्माण कार्य में विलंब हो रहा था। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि बाइपास के निर्माण से आमजन को काफ़ी राहत मिल सकेगी।

इस मोके पर प्रशासक कौशलया चौहान, जिला उपाध्यक्ष मुकेश चौपड़ा, पूर्व सरपंच शिव नारायण शर्मा, गोपाल यादव, सांवर कुमावत, चेतन पूरी, मदन, जगदीश, किशोर, अर्जुन डूडी, पवन राजवत, मोहन कुमावत सहित बड़ी संख्या मे गाँव के लोग उपस्थिति रहे।

कन्या महाविद्यालय में रोड सेफ्टी एवं सीपीआर पर कार्यशाला प्रारंभ

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

चौमूं, 7 मार्च (का.सं.)। शहर के मोरीजा रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा महाविद्यालय की आईक्यूएसी एवं नवाचार प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में एमरजैंसी केयर, रोड सेफ्टी एवं सीपीआर संबंधी कार्यशाला प्रारंभ हुई। कार्यशाला में दिल्ली एम्स से विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधि नेहा एवं रवि ने महाविद्यालय के शैक्षणिक तथा अशैक्षणिक कर्मचारियों को पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन तथा डेमोंसट्रेशन के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया, जिसमें विभिन्न आपातकालीन स्थितियों से निपटने, सड़क सुरक्षा का ध्यान रखने एवं सीपीआर देने का कौशल सिखाया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजकीय कन्या महाविद्यालय चौमूं के संकाय सदस्य एवं मंत्रालयिक कर्मचारियों के अतिरिक्त राजकीय महाविद्यालय चाकसू, राजकीय कन्या महाविद्यालय चाकसू, राजकीय महाविद्यालय दूदू, राजकीय कन्या महाविद्यालय दूदू एवं राजकीय महाविद्यालय फागी से भी संकाय सदस्यों ने भी प्रशिक्षण प्राप्त किया। शनिवार को महाविद्यालय की छात्राओं हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा तथा सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

विद्यार्थियों को दी गैस से बचाव की जानकारी

झुंझुनूं। जीएसपीएल इंडिया गैस नेट लिमिटेड कंपनी ने शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हंसासरी में 54वें राष्ट्रीय सेफ्टी सप्ताह का आयोजन किया। कंपनी निदेशक अभिषेक त्रिपाठी, हंसासरी आफिस के हेड संजय जांगीड़ और कमलेश ने भाग लिया। विद्यालय के छात्रों को एलपीजी और सीएनजी गैस के बारे में विस्तार से गैस बचाव की जानकारी दी गई। इसके साथ ही आग लगने पर उसे कैसे बुझाया जाए, इस विषय की जानकारी साझा की गई। इसके अलावा कंपनी के मैनेजर अभिषेक त्रिपाठी द्वारा विद्यालय के आरो वाटर फिल्टर की मरम्मत करवाई गई। कंपनी द्वारा बच्चों को टीएलएम सामग्री और फल वितरित किए गए। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह ने जीएसपीएल स्टाफ का आभार व्यक्त किया। संचालन प्राध्यापक दीपेंद्र सिंह ने किया।

COP30 की ओरः WSDS 2025 मंत्रिस्तरीय बैठक ने बहुपक्षवाद की दिशा तय की

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

नई दिल्ली, 7 मार्च (वेब वार्ता)। ऊर्जा और संसाधन संस्थान (TERI) द्वारा नई दिल्ली में चल रहे WSDS 2025 के दूसरे दिन COP30 और COP33 की राह पर बहुपक्षवाद नामक मंत्रिस्तरीय बैठक आयोजित की गई। प्रमुख जलवायु विशेषज्ञों, विचारकों, रणनीतिकारों, नीति निर्माताओं और दूरदर्शी लोगों ने प्रभावी वैश्विक रणनीतियों को आकार देने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) को अद्यतन करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। प्रतिष्ठित पैनलिस्टों ने वास्तविक प्रभाव देने के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्यों और अधिक जवाबदेही - वैश्विक स्टॉकटेक (GST) द्वारा निर्देशित NDC 3.0 सुनिश्चित करने का आह्वान किया। वैश्विक जलवायु कार्रवाई और जवाबदेही ढांचे को मजबूत करने में यूएई-बेलेम कार्य कार्यक्रम की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। जैसे-जैसे देश COP30 के लिए अपने NDC 3.0 प्रतिबद्धताओं को प्रस्तुत करने की तैयारी कर रहे हैं, भारत ने COP33 की मेजबानी के लिए भी अपना दावा प्रस्तुत किया है। TERI के प्रतिष्ठित फेलो, श्री आर. आर. रश्मि द्वारा संचालित इस सत्र का उद्देश्य स्थायी विकास को गति देने, जलवायु न्याय सुनिश्चित करने और भारत को वैश्विक दक्षिण (Global South) के एक प्रमुख प्रतिनिधि के रूप में स्थापित करने हेतु ठोस रणनीतियों और व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत करना था।

जलवायु परिवर्तन पर अंतर-सरकारी पैनल (ड्ढक्क्रष्ट) के अध्यक्ष, प्रो. जिम स्की ने 'वैज्ञानिक नेतृत्व 'विषय पर अपने संबोधन में कहा, 卐2018 में जब ड्ढक्क्रष्ट की 1.5एष्ट तापमान वृद्धि को सीमित करने पर विशेष रिपोर्ट प्रकाशित हुई थी, तब मैंने कहा था कि यह लक्ष्य भौतिकी और रसायन विज्ञान के नियमों के भीतर संभव है, लेकिन अब यह आकांक्षा बहुत पतले धागे से लटकी हुई प्रतीत होती है।

33वीं पदयात्रा बड़े धूमधाम के साथ रवाना

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

चौमूं, 7 मार्च (का.सं.)। आज श्री श्याम युवा मंडल राँईयो की ढाणी वार्ड नंबर 45 से चोमूँ से खाटू धाम के लिए श्याम बाबा की 33वीं पदयात्रा बड़े धूमधाम के साथ रवाना हुई श्री श्याम युवा मंडल के तत्वाधान में यह 33वीं पदयात्रा है इससे पह मंडल के सदस्यों के द्वारा और सभी लोगों के सहयोग के द्वारा 5,6और 7 तारीख को अग्नि शमन केंद्र के पास बाबा के पैदल यात्रियो के लिए विशाल सेवा भंडारा लगाया गया जो अनावर्त रूप से बुधवार, गुरूवार और शुक्रवार शाम तक चलाया गया उसके बाद शनिवार 8 तारीख को सुबह यह यात्रा वार्ड नंबर 45 राँईयो की ढाणी से 9,15 पर प्रारंभ होगी।

आज से ठीक 33 वर्ष पहले इस यात्रा का प्रारंभ किया गया था श्याम भक्तों के द्वारा सेवा भाव लेकर और यह यात्रा प्रारंभ की गई थी इस यात्रा को प्रारंभ करने वाले कुछ लोग आज बेशक इस दुनिया में नहीं है लेकिन उनका यह सराहनीय कार्य आज भी सुचारू रूप से चल रहा है इस युवा मंडल में अनुभव लोगों के साथ में एक युवा जोश की टोली आने वाले जो युवा हैं वह भी बढ़-चढ़कर इस में हिस्सा ले रहे हैं और एक अपने देश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परिपाटी को कायम रखने की कोशिश कर रहे हैं इस संगठन में जो बुजुर्ग और अनुभव लोग हैं उनमें राधाकिशन जी राँई, प्रभुदयाल जी, प्रहलाद जी, मोहनलाल जी, ओमप्रकाश जी, किशोर जी, बनवारीलाल, संतोष जी,महेश जी ,रामसहाय जी, रतन जी,शिवदयाल जी, गुलाब जी रामस्वरूप जी मनोज जी, गोवर्धन जी, इसके अलावा और भी अन्य कई लोग इसमें जुड़े हुए हैं इसके अलावा युवा वर्ग इसमें बराबर अनवरत रूप से सहयोग कर रहा है।

यह महीना भर चलने वाला कैंपेन महिलाओं को उनकी सेहत को प्राथमिकता देने के लिए जागरूक और सशक्त बनाने के लिए समर्पित है

महिलाओं की सेहत पर खास ध्यानः रेडक्लिफ लैब्स का 'फॉर द वुमन, बाय द वुमन' कैंपेन शुरू

8 फरवरी से 8 मार्च 2025 तक, पूरे भारत में 21 राज्यों और 110 शहरों में 220 से अधिक स्वास्थ्य शिविर महिलाओं के लिए आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का संचालन पूरी तरह से महिला स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा है

जयपुर, 7 मार्च (वेब वार्ता)। भारत में 52% महिलाओं को लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों का खतरा है। इसे ध्यान में रखते हुए, प्रमुख डायग्नोस्टिक हेल्थकेयर प्रदाता रेडक्लिफ लैब्स ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक महीने का कैंपेन शुरू किया है, जिसका नाम है फॉर द वुमन, बाय द वुमन (महिलाओं के लिए, महिलाओं द्वारा)।

यह कैंपेन 8 फरवरी 2025 से शुरू हुआ और पूरे देश में 220 से अधिक स्वास्थ्य शिविरों के जरिए महिलाओं को जागरूक करने और उनकी बीमारियों की रोकथाम को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इन सभी शिविरों का प्रबंधन पूरी तरह से महिला स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना, बीमारियों का जल्दी पता लगाने में मदद करना और उन्हें अपनी सेहत की जिम्मेदारी लेने के लिए सशक्त बनाना है। 8 फरवरी से 8 मार्च तक चलने वाले इस कैंपेन को 21 राज्यों और 110 शहरों में संचालित किया जा रहा है। इसमें दिल्ली-एनसीआर, हैदराबाद, मुंबई, बेंगलुरु और कोलकाता जैसे बड़े शहरों को प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा, वाराणसी, पटना, जबलपुर, जयपुर और देश के अन्य हिस्सों में भी इसे चलाया जा रहा है। रेडक्लिफ लैब्स ने इस कैंपेन के तहत पूरे भारत में स्वास्थ्य शिविर लगाए हैं, जो महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। इन शिविरों में महिलाओं के लिए विशेष रूप से तैयार फुल-बॉडी हेल्थ चेकअप पैकेज दिए जा रहे हैं, जिनमें फ्री हार्मोनल हेल्थ स्क्रीनिंग भी शामिल है।

सभी शिविर पूरी तरह महिला स्वास्थ्यकर्मियों, फ्लेबोटोमिस्ट (खून निकालने वाले) और सहायक स्टाफ द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। यह महिलाओं की ताकत और उनके स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में योगदान को दर्शाता है। इस पहल पर रेडक्लिफ लैब्स के सीईओ और संस्थापक आदित्य कंदोई ने कहा, ''महिलाओं का स्वास्थ्य लंबे समय से उपेक्षित रहा है, और 52% महिलाओं को लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों का खतरा है। थायराइड असंतुलन और पीसीओएस जैसी हार्मोनल समस्याओं का अक्सर समय पर पता नहीं चलता, जबकि डायबिटीज और हृदय रोग जैसी बीमारियां महिलाओं की सेहत को और प्रभावित कर रही हैं।

इन्हीं चिंताओं को ध्यान में रखते हुए, हमारा फॉर द वुमन, बाय द वुमन कैंपेन महिलाओं को हेल्थ चेकअप की सुविधा देकर, समय पर बीमारियों की पहचान और इलाज कराने के लिए प्रेरित कर रहा है। हमारी महिला स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम इस पहल का नेतृत्व कर रही है, जिससे महिलाओं को अपनी सेहत के प्रति जागरूक और सशक्त बनाया जा सके। इस कैंपेन के तहत, रेडक्लिफ लैब्स ने अलग-अलग उम्र की महिलाओं के लिए हार्मोनल स्क्रीनिंग वाले विशेष स्वास्थ्य परीक्षण पैकेज कम कीमत पर शुरू किए हैं। इसका मतलब है कि महिलाओं को अपनी सेहत की जाँच करवाने में आसानी होगी। एसेंशियल पैकेज (93 जाँचें) में खून की पूरी जाँच, हार्मोन की जाँच (FSH, LH, PRL), थायराइड, शुगर, आयरन, किडनी, लीवर और लिपिड की जाँच शामिल है। एडवांस्ड पैकेज (98 जाँचें) में एसेंशियल पैकेज की सभी जाँचों के साथ, शुगर की निगरानी के लिए HbAvC, नसों के स्वास्थ्य के लिए विटामिन बी12 और हड्डियों की मजबूती के लिए विटामिन डी भी शामिल है।

रेडक्लिफ लैब्स के बारे में

रेडक्लिफ लैब्स भारत में बेहतर गुणवत्ता वाली हेल्थकेयर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। यह 220 से अधिक शहरों में अपनी सेवाएं दे रही है और इसका नेटवर्क 80+ अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं, 2000+ सैंपल कलेक्शन सेंटर और होम कलेक्शन सेवाओं तक फैला हुआ है।

कंपनी टियर 1, टियर 2 और टियर 3 शहरों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों तक भी अपनी सेवाएं पहुंचा रही है। अब तक 70 लाख से अधिक मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली डायग्नोस्टिक सेवाएं प्रदान की जा चुकी हैं। इसका मुख्य उद्देश्य भारतीयों को उनकी सेहत की ज़िम्मेदारी लेने के लिए सशक्त बनाना है।

किसान सभा ने एसडीएम को दिया ज्ञापन, दस मांगे रखी सामने

चिड़ावा, 7 मार्च (का.सं.)। अखिल भारतीय किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष बजरंग लाल बराला के नेतृत्व में किसानों ने चिड़ावा उपखंड अधिकारी नरेश सोनी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने अपनी दस प्रमुख मांगों को जल्द पूरा करने की अपील की है।

किसानों की प्रमुख मांगेंञ्ओलावृष्टि से हुए नुकसान का मुआवजा, यमुना जल समझौता 1994 को लागू करने, बीकानेर-नीमराना 765 केवीए बिजली लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण में किसानों को चार गुणा मुआवजा देने, रबी फसल 2022-23 का बकाया मुआवजा किसानों को शीघ्र देने, एमएसपी की कानूनी गारंटी, बाजरे को उसकी एमएसपी के आधार पर खरीदा जाए, बिजली सुधार कानून 2023 को वापस लिया जाए और स्मार्ट मीटर योजना को रद्द किया जाए, नई राष्ट्रीय कृषि बचत नीति के नाम पर कृषि कानूनों को थोपना बंद किया जाए, बकाया फसल बीमा क्लेम किसानों को तुरंत दिया जाए, कृषि जिंसों की समर्थन मूल्य पर खरीदें केंद्र तहसीलवार की जाए। इसके साथ ही, दूध का समर्थन मूल्य तय किया जाए। साथ ही चिड़ावा के वार्ड नंबर 12 स्थित 5 नलकूपों को शीघ्र ही टंकी से जोड़ा जाए एवं शहर में संचालित हो रही हुक्के की दुकानों को बंद किया जाए। इस मौके पर नहर यात्रा संयोजक रणधीर ओला, ताराचंद तानाण, महेश पूनिया, करण सिंह गोदारा, राजेंद्र गोदारा, विनोद कुमार शर्मा, अनीता, विमला सोमरा सहित कई अन्य किसान नेता और प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

आर्ट हाउसिंग फाईनांस (इंडिया) लिमिटेड
(पूर्व में आर्ट एर्फोडेबल हाउसिंग फाइनांस (इंडिया) लिमिटेड विदित)
पंजी. कार्यालयः 107, प्रथम तल, बेस्ट स्काई टॉवर, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, नई दिल्ली-110034
शाखा कार्यालयः 49, उद्योग विहार, फेज 4, गुरुग्राम, हरियाणा 122015

परिशिष्ट-IV {देखें नियम 8 (1)}
कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिये)

जैसा कि, वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत **आर्ट हाउसिंग फाइनांस (इंडिया) लिमिटेड [CIN NO. U65999DL2013 PLC255432]** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने ऋण खाता संख्या **LNJP202723-240009117** के लिए **दिनांक 15.10.2024** को मांग नोटिस जारी किया, जिसमें उधारकर्ता(ओं) **मनोज कुमार पटानी एवं अंजू कुमारी एवं मुन्नी देवी** को **दिनांक 05.10.2024** तक नोटिस में उल्लिखित राशि रू. **27,24,580/- (सत्ताईस लाख चौबीस हजार पांच सौ अस्सी रूपए मात्र)** तथा उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर वापस लौटाने का निर्देश दिया था।

ऋणधारक, इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे इस कारण ऋणधारकों तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आज दिनांक **03.03.2025** को अधोहस्ताक्षरी ने यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति पर कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का व्यवसाय न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय दिनांक **05.10.2024** तक **रु. 27,24,580/- (सत्ताईस लाख चौबीस हजार पांच सौ अस्सी रूपए मात्र)** तथा उस पर ब्याज के लिये **आर्ट हाउसिंग फाइनांस (इंडिया) लिमिटेड** के चार्ज के अधीन होगा।

ऋणधारक का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को विमोचित करने के लिए उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के प्रति आकर्षित की जाती है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

संपत्ति प्लॉट संख्या ई-647 वैशाली नगर जयपुर राजस्थान है जिसकी लंबाई पूर्व से पश्चिम 30 फीट और उत्तर से दक्षिण 13 फीट 3 इंच है। जिसका कुल क्षेत्रफल 36.93 वर्ग मीटर है जो निम्न प्रकार से घिरा हुआ है:-

पूर्व : सड़क 20 फीट | पश्चिम : लॉट संख्या ई-650
उत्तर : प्लॉट संख्या ई-646 | दक्षिण : प्लॉट संख्या ई-648

तिथि : 03.03.2025 | प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : जयपुर (राजस्थान) | आर्ट हाउसिंग फाइनांस (इंडिया) लिमिटेड

वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
यूनिट 203 और 204, दूसरी मंजिल, ''ए'' विंग, नवभारत एस्टेट, जकारिया बंदर रोड, सिवड़ी (पश्चिम), मुंबई 400015 महाराष्ट्र
CIN No.: U65922MH2005PLC272501

कब्ज़े की सूचना

जबकि, अधोहस्ताक्षरी वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते और धारा 13(12) के तहत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नियम 9 के साथ पठित हैं। सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002, ने एक मांग नोटिस जारी किया, जिसमें नीचे उल्लेखित उधारकर्ताओं को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर संबंधित नोटिस में उल्लेखित राशि चुकाने के लिए कहा गया था। कर्जदारों द्वारा राशि का भुगतान करने में विफल रहने पर अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित तिथि को नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से उधारकर्ता और गारंटर और आम जनता को एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड शाखा के प्रभार के अधीन होगा जो नीचे दी गई राशि और उस पर ब्याज के लिए होगा, लागत आदि।

क्र. सं.	उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता का नाम और लैन नंबर	मांग सूचना की दिनांक और राशि	संपत्ति का विवरण	दिनांक और प्रकार का स्वामित्व
1.	ओमप्रकाश (आवेदक), सुनीता मीना (सह आवेदक), दिनेश कुमार मेघवंशी (गारंटर) एलपी0000000026196	11-नवम्बर-24 रु. 608275 07-नवम्बर-24 तक	पट्टा संख्या 05 खसरा संख्या 1227 ग्राम मायला पोलिया, ग्राम पंचायत अमरवासी, पंचायत समिति जहाजपुर तहसील जहाजपुर जिला भीलवाड़ा राजस्थान, 311201 में स्थित, माप क्षेत्रफल 2100 वर्ग फीट, उत्तर-आनंदीलाल पुत्र रामदेव का घर, दक्षिण-शिवराज पुत्र देबीलाल का घर, पूर्व-स्व बड़ा, पश्चिम-आम रास्ता	03-मार्च-25 को सांकेतिक कब्ज़ा लिया गया

दिनांक : 08.03.2025 | अधिकृत अधिकारी
स्थान : भीलवाड़ा | वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

Kia Carens ने 36 महीनों में 2,00,000 यूनिट्स की बिक्री का मुकाम हासिल किया

पेट्रोल वेरिएंट की बिक्री का 58%, डीजल वेरिएंट की बिक्री का 42% हिस्सा

प्रभात अभिनन्दन न्यूज

नई दिल्ली, 7 मार्च (वेब वार्ता)। भारत में प्रीमियम कार सेगमेंट में अग्रणी, किया (Kia) ने घोषणा की कि उसकी फैमिली एमपीवी किया कैरेंस (Kia Carens) ने 36 महीनों में 2,00,000 यूनिट्स की बिक्री का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। यह कार तेजी से अपनी श्रेणी में सबसे लोकप्रिय वाहनों में से एक बन गई है, जो भारतीय परिवारों को आराम, जगह, टेक्नोलॉजी और स्टाइल का बेहतरीन संयोजन प्रदान करती है।

किया कैरेंस की लोकप्रियता उसके टॉप वेरिएंट्स की मजबूत मांग में दिखाई देती है, जो कुल बिक्री का 24% हिस्सा रखते हैं। सनरूफ, मल्टी-ड्राइव मोड, वेंटिलेटेड सीट्स, किया कनेक्ट जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं ने इन वेरिएंट्स को ग्राहकों के बीच काफी लोकप्रिय बना दिया है।

पॉवरट्रेन की बात करें तो, 58% ग्राहक पेट्रोल वेरिएंट को प्राथमिकता दे रहे हैं, जबकि 42% ग्राहक डीजल वेरिएंट पसंद कर रहे हैं। वहीं, 32% ग्राहकों ने ऑटोमैटिक और iMT ट्रांसमिशन को चुना, जो ड्राइविंग की सहजता और सुविधा को दर्शाता है।

इसके अलावा, 28त्न ग्राहकों ने सनरूफ वाले वेरिएंट को चुना और कुल बिक्री का 95% हिस्सा 7-सीटर मॉडल्स का रहा, जिससे यह एक परफेक्ट

फैमिली कार साबित होती है।

किया इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (सेल्स एवं मार्केटिंग), Mr. Hardeep Singh Brar ने कहा

किया कैरेंस की सफलता हमारे इनोवेशन और भारतीय परिवारों की जरूरतों की गहरी समझ का प्रमाण है। अपने एडवांस फीचर्स, विशाल इंटीरियर और बेहतरीन सुरक्षा के साथ, कैरेंस ने फैमिली कार सेगमेंट को नए सिरे से परिभाषित किया है। 2,00,000 से अधिक परिवारों के भरोसे के साथ, यह मील का पत्थर हमारी बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाता है और हमें लगातार उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करता है।

वैश्विक स्तर पर भी किया कैरेंस की मजबूत उपस्थिति

किया कैरेंस ने भारतीय बाजार के अलावा वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान बनाई है। अब तक, इस कार की 24,064 यूनिट्स को 70 से अधिक देशों में निर्यात किया गया है। किया की इस सफलता से यह साबित होता है कि ब्रांड न केवल भारतीय ग्राहकों बल्कि अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ताओं की जरूरतों को भी पूरा कर रहा है।

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट -4-क अचल सम्पत्ति.(यों)की ई-नीलामी बिक्री सूचना
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

पंजीकृत कार्यालय : - 9 वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22, के ज़ी मार्ग, नई दिल्ली -110001 फोन : - 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com
बीकानेर शाखाः-पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड बी-46-बी, द्वितीय तल, सादुल गंज, बीकानेर-334002 | **जयपुर शाखाः**- पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, एसबी-59, यूडीबी टावर्स, प्रथम तल, जयपुर नगर निगम के सामने, टोंक रोड, जयपुर-302015। **भिवाड़ी शाखाः**- पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ऐ-10, प्रथम तल, भगत सिंह कॉलोनी, अलवर बाई पास, भिवाड़ी-301019, राजस्थान

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कालम नंबर -ए में निदर्शित कर्जदार(रों) एवं गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित कालम नंबर-डी में वर्णित अचल सम्पत्ति(यां), जिसका प्रलक्षित/भौतिक कब्जा पीएनबी हाउसिंग फाईनैंस लिमिटेड (पीएनबी एचएफएल)/प्रत्याभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है (कालम नंबर-सी में वर्णितानुसार) नीचे दिए विवरण के अनुसार **"जैसी है जहां है", जैसी है जो है"** तथा **"जो भी है वहां है"** आधार पर बेची जाएंगी। एतद्द्वारा कालम नंबर -ए में निदर्शित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं)/संबंधित कर्जदार(रों)/बंधकदाता(ओं) (मृत्योपरान्त) के कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों, (चाहे ज्ञात अथवा अज्ञात), निष्पादक(कों), प्रशासक(कों), उत्तराधिकारी(यों), समनुदेशिती(यों) को, जैसी भी स्थिति है, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली, 2002 अद्यतन संशोधित के नियम 8(6) एवं 9 के तहत सूचना दी जाती है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट नामतः **www.pnbhousing.com** में उपलब्ध कराया गया लिं